ईशा सिंह ने जीता स्वर्ण, मनु भाकर ने जीता कांस्य पदक

हांगझोऊ वर्ल्ड कप में भारत का दमदार प्रदर्शन

- 25मी पिस्टल में ईशा सिंह बनीं चैंपियन
- मनु भाकर ने कांस्य पदक किया अपने नाम

हांगझोऊ (चीन), 27 जुलाई. भारत की बेहतरीन पिस्टल निशानेबाज ईशा सिंह और मनु भाकर ने यहां आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन में महिलाओं की 25मी पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते.

ईशा ने फाइनल में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 40 हिट के साथ स्वर्ण पदक पक्का किया, जबकि पेरिस 2024 में दो ओलंपिक मेडल जीतने वाली मनु भाकर ने कड़े मुकाबले का सामना करते हुए एक अहम शूट-ऑफ जीता और 28 हिट के साथ कांस्य पदक हासिल किया. भारतीय टीम ने क्वालिफिकेशन राउंड में ही अपनी छाप छोड़ दी थी. मनु भाकर 586-20× के शानदार स्कोर के साथ क्वालिफाइंग स्टैंडिंग में टॉप पर रहीं, जबकि ईशा सिंह 585-18× के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और आसानी से आठ निशानेबाजों वाले फाइनल में जगह बनाई. एशियाई खेलों की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता राही सरनोबत ने 582-16× का स्कोर किया, जबकि सिमरनप्रीत कौर बरार (576-20×) और अभिदन्या अशोक पाटिल (573-16×) ने रैंकिंग पॉइंट्स ओनली (आरपीओ) स्टेटस के तहत खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया. इस सीजन की शुरुआत में म्यूनिख में वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड-तोड़ स्वर्ण पदक जीतने के बाद मानसिक दबाव से उबरने के बारे में बात करते हुए ईशा सिंह ने कहा, 'यह मैच मेरे लिए बहुत दबाव वाला था क्योंकि मेरे पास पहले से ही एक पदक था.

> आप अपनी स्पर्धा में जितना बेहतर करते हैं, आपको उतनी ही ज्यादा प्रतिष्ठा का बोझ महसूस होता है जिसे आपको पार करना होता है. मुझे खुशी है कि मैं आज इससे उबर पाई और शुक्रगुजार हूं कि मुझमें इसे सहने की क्षमता थी. मुझे हांग्जो में मुकाबला करना बहुत पसंद है. एशियाई खेलों के दौरान हुए मुकाबले को याद करते हुए, जहां मैंने चार पदक जीते थे, मैं यहां वापस आने के लिए बहुत उत्साहित थी. फाइनल हॉल की रेंज, लाइटिंग और माहौल से वाकिफ होना निश्चित रूप से मेरे पक्ष में रहा.' मैच के बाद मनु भाकर ने कहा, 'यह पदक बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक सीढ़ी की तरह काम करता है. इससे मुझे स्पष्टता मिलती है कि क्या काम कर रहा है और मैं किस दिशा में आगे बढ़ना चाहती हूं. हालांकि मेडल निश्चित रूप से मेरा आत्मविश्वास बढ़ाता है, लेकिन इस प्रतिस्पर्धी मैच से मिला अनुभव और भी अधिक मदद करेगा क्योंकि हम वर्ल्ड चैंपियनशिप और एशियाई खेलों जैसे बड़े आयोजनों की ओर देख रहे हैं.

तेजस शिर्से पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में

ग्लासगो (स्कॉटलैंड) 27 जुलाई तेजस शिर्से ने सोमवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के राउंड 1 हीट में तीसरा स्थान हासिल कर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया.

आज यहां आयोजित हुई पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में तेजस शिर्से की शुरुआत थोड़ी खराब रही, लेकिन तेजस ने ज़बरदस्त वापसी करते हुए 13.76 सेकंड समय के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया. तेजस शिर्से का निजी सर्वश्रेष्ठ (जो नेशनल रिकॉर्ड भी है) 13.27 सेकंड है. वे आज रात 2:15 बजे होने वाले 110 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में इसके आस-पास का समय निकालने की उम्मीद करेंगे.

गुरिंदरवीर सिंह पुरुषों की 100 मीटर दौड़ से बाहर



राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुरिंदरवीर सिंह सोमवार को राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं. गुरिंदरवीर कॉमनवेल्थ गेम्स में 10 सेकंड से कम समय में दौड़ पूरी करने के बड़े इरादे के साथ आए थे, लेकिन हीट्स में उनका 10.39 सेकंड का समय सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करने के लिए नाकाफी रहा. सभी ग्यारह हीट्स के बाद, गुरिंदरवीर 73 धावकों में 28वें स्थान पर रहे और प्रतियोगिता से बाहर हो गए, क्योंकि केवल शीर्ष-17 समय वाले धावक ही सेमीफाइनल में पहुंच पाए.

कैम मैकएवॉय 50मी. फ्रीस्टाइल स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

ओलंपिक चैंपियन, वर्ल्ड चैंपियन, वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर ऑस्ट्रेलिया के कैम मैकएवॉय ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता रविवार को हुए मुकाबले में मैकएवॉय ने 20.97 सेकंड के शानदार समय के साथ रेस पूरी की, जबकि उनके साथी तैराक पिलन साउथैम (21.44) और जेमी जैक (21.47) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे. लेन 3 से तैरते हुए, मैकएवॉय रॉकेट की तरह ब्लॉक से निकले और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 0.47 सेकंड आगे रहते हुए सबसे पहले फिनिश लाइन तक पहुंचे और शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता.

मुथुपंडी राजा ने भारोत्तोलन में जीता रजत पदक



भारतीय भारोत्तोलक मुथुपंडी राजा ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग स्पर्धा में कुल 286 किलोग्राम भार उठाकर रजत पदक अपने नाम किया. रविवार देर रात हुए मुकाबले में 25 वर्षीय भारोत्तोलक राजा मुथुपंडी ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में कुल 286 किलोग्राम (127 किग्रा स्नैच 159 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाया. राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का यह चौथा पदक है मलेशिया के मुहम्मद अजनिल बिदिन ने 299 किग्रा वजन उठाकर रिकॉर्ड प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता. वहीं पापुआ न्यू गिनी के मोरेया बारू ने कांस्य पदक जीता.



साजन, मुरली का फाइनल में प्रवेश

ग्लासगो (स्कॉटलैंड). भारतीय तैराक साजन प्रकाश ने सोमवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर बटरफ्लाई फाइनल में जगह बना ली है. वहीं एथलेटिक्स में मुरली श्रीशंकर ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की लंबी कूद के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है. आज यहां तैराक साजन प्रकाश का अच्छा प्रदर्शन करते हुए हीट 2 में 1:58.59 के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जो उनके 1:57.09 के निजी सर्वश्रेष्ठ समय से थोड़ा अधिक है. हालांकि, तीनों हीट मिलाकर उनका समय सातवां सबसे तेज रहा और वह फाइनल में पहुंच गए हैं. वहीं एथलेटिक्स में मुरली श्रीशंकर पुरुषों की लंबी कूद फाइनल के लिए क्वालिफ़ाई कर गए. उन्होंने 2022 राष्ट्रमंडल खेल में रजत पदक जीता था और अब उससे बेहतर करने की कोशिश में हैं. उनकी पहली जंप शानदार रही, दर्शकों ने उनकी वाह-वाही की. उन्होंने आठ मीटर के क्वालिफिकेशन मार्क को पार कर फाइनल में जगह बनाई.

सचिन और अंकुश क्वार्टर फ़ाइनल में

ग्लासगो. सचिन सिवाच और अंकुश राष्ट्रमंडल खेलों के मुक्केबाजी मुकाबलों के क्वार्टरफाइनल में पहुँच गए हैं. सचिन ने इंग्लैंड के विलियम हेविट को 4-1 से हराकर पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग के क्वार्टर-फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की की. यह भारतीय बॉक्सर बुधवार को क्वार्टर-फ़ाइनल में बोत्सवाना के ट्रेज़र मोरेमी का सामना करने के लिए रिंग में उतरेगा. अंकुश ने एंटीगा और बारबुडा के ज़लान जान को 5-0 से हराकर शानदार शुरुआत की और पुरुषों के 80किग्रा वर्ग के क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश किया.

यह सूर्यवंशी की एक परिपक्व पारी थी : वीवीएस लक्ष्मण

हरारे, 27 जुलाई. जिम्बाब्वे दौरे पर भारत के मुख्य कोच के रूप में गए वीवीएस लक्ष्मण ने सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की सराहना करते हुए कहा कि वह पूरी तरह परिपक्व नजर आ रहे है और यही बात में मुझे उनकी सबसे अधिक पसंद है.

जिम्बाब्वे के खिलाफ 3-0 से क्लीन स्वीप के बाद लक्ष्मण ने कहा, 'वह बहुत ही परिपक्व नजर आ रहे हैं और यही बात मुझे वैभव के बारे में सबसे अधिक पसंद है. वह हर मैच में परिस्थितियों का आकलन कर रहे हैं और बेहतर होते जा रहे हैं. वह केवल मैचों का ही नहीं, बल्कि हर अभ्यास सत्र का भी विश्लेषण करते हैं. आज आपने जो देखा, वह एक परिपक्व पारी थी क्योंकि मैदान बहुत बड़ा था और विकेट धीमा था, जहां गेंद थोड़ी रुककर आ रही थी. मुझे लगा कि जिम्बाब्वे के गेंदबाजों ने उनके खिलाफ विशेष योजना बनाई थी, लेकिन उन्होंने उस योजना का शानदार जवाब दिया.

वेस्टइंडीज को 311 रन पर रोका, पाक ने बनाए 199 रन

तारौबा, 27 जुलाई पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन वेस्टइंडीज को 311 रन पर समेटने के बाद स्टंप्स के समय तक इमाम-उल-हक और शान मसूद के अर्धशतकों की मदद से तीन विकेट पर 199 रन बना लिये है. पाकिस्तान अभी भी वेस्टइंडीज के पहली पारी में बनाये गये स्कोर 112 रन पीछे है.

ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में खेले जा रहे मुकाबले के दूसरे दिन वेस्टइंडीज ने तीन विकेट पर 194 रन से आगे खेलना शुरू किया. लेकिन कावेम हॉज अपने कल के स्कोर में मात्र एक रन जोड़ पाए और खुर्रम शहजाद ने उन्हें 84 रन पर आउट कर दिया. हालांकि, होप ने तेजी से खेलते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया. उन्हें मोहम्मद अली के हाथों जल्द ही आउट हो जाना चाहिए था, लेकिन अजान ओवैस ने पहली स्लिप पर उनका कैच छोड़ दिया.

एक नजर में

बंगलादेश टीम पहले टेस्ट के लिए सौम्य सरकार शामिल

ढाका. बंगलादेश ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए सौम्य सरकार को 15 सदस्यीय टीम में जगह दी है. चयनकर्ताओं ने नजमुल हुसैन शांतो को टीम का कप्तान बनाया है. बंगलादेश की टीम में शांतो और सरकार के अलावा, बैटिंग लाइन-अप में मुशफिकुर रहीम, मोमिनुल हक और शादमान इस्लाम जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी हैं. सौम्य सरकार ने आखिरी बार 2021 में इस फ़ॉर्मेट में खेला था और अब तक 16 टेस्ट मैच खेल चुके हैं. चोटों से जूझ रही बंगलादेश की तेज गेंदबाजी की कमान तस्कीन अहमद, हसन महमूद, खालिद अहमद और इबादत हुसैन संभालेंगे. टीम में मुशफिक हसन भी शामिल हैं, जिन्होंने अभी तक कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है.

चयन समिति को सीओई फिटनेस रिपोर्ट का इंतजार

मुम्बई. श्रीलंका में होने वाली टेस्ट सीरीज़ के लिए टीम चुनने से पहले, भारतीय टीम के चयनकर्ता बेंगलुरु में मौजूद 'सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस' (सीओई) से फिटनेस रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं. राष्ट्रीय चयन समिति की बैठक अगले 10 से 36 घंटों में होने की उम्मीद है, जिसमें वॉशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, नीतीश कुमार रेड्डी, आकाश दीप और अंशुल कंबोज जैसे खिलाड़ियों की उपलब्धता को लेकर मुख्य रूप से चर्चा होगी. हार्दिक पांड्या और वरुण चक्रवर्ती भी सीओई में हैं, लेकिन वे श्रीलंका दौरे के लिए चयन की दौड़ से बाहर हैं क्योंकि वे केवल सफेद गेंद क्रिकेट खेलते हैं. लेकिन श्रीलंका दौरे से बाहर रहने वाले वे अकेले खिलाड़ी नहीं हैं. राणा और रेड्डी का चयन लगभग नामुमकिन है, और वॉशिंगटन को लेकर भी सवालिया निशान है.

खेल पत्रकार जसविंदर सिद्धू का सड़क दुर्घटना में निधन

नयी दिल्ली. वरिष्ठ खेल पत्रकार जसविंदर सिद्धू का कल रात एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया. वह 55 वर्ष के थे. स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया और दिल्ली खेल पत्रकार संघ ने वरिष्ठ खेल पत्रकार जसविंदर सिद्धू के असामयिक निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है. जसविंदर सिद्धू एक सम्मानित और समर्पित खेल पत्रकार थे, जिन्होंने अपने लंबे और शानदार करियर के दौरान कई प्रमुख समाचार पत्रों के लिए बेहतरीन काम किया. खेल पत्रकारिता के प्रति उनकी पेशेवर सोच, ईमानदारी और प्रतिबद्धता ने उन्हें देश भर के सहयोगियों और खेल जगत के लोगों का सम्मान दिलाया.

आदित्य ने सेपांग इंटरनेशनल सर्किट पर अपनी पहली इंटरनेशनल रेस जीती

मलेशिया, 27 जुलाई. भारतीय रेसर आदित्य पटनायक ने रविवार देर रात मशहूर सेपांग इंटरनेशनल सर्किट पर गोल्ड विओस चैंपियनशिप मलेशिया के राउंड 3 में स्पोर्टिंग क्लास में शानदार जीत हासिल की. आदित्य ने प्राइज़ मनी के तौर पर 15,000 मलेशिया रिंगित जीते.

मुंबई के इस युवा ड्राइवर ने रेस 1 में तीसरा स्थान हासिल किया और फिर रेस 2 जीतकर राउंड 3 में पोडियम पर टॉप स्थान पक्का किया. लगातार 2 साल तक पोलो कप इंडिया में वाइस-नेशनल चैंपियन रहने के बाद, इंटरनेशनल कार रेसिंग के अपने पहले ही साल में यह उनकी पहली इंटरनेशनल कार रेसिंग जीत है.

रेयो रेसिंग के आदित्य, जो पूर्व फ़ 1 रेसर एलेक्स यंग की टीम एक्सल स्पोर्ट्स के लिए गाड़ी चला रहे थे, क्वालिफाइंग में चौथे स्थान पर ही रह पाए. बारिश और बदलते मौसम के कारण स्पोर्टिंग क्लास में 21 कारों के ग्रिड के लिए क्वालिफाइंग काफी मुश्किल हो गया था. रेस 1 की शुरुआत में आदित्य कुछ स्थान पीछे हो गए क्योंकि शुरुआती कुछ मोड़ों पर आगे चल रही कारों का झुंड 4 कारों की चौड़ाई में चल रहा था. इसके बाद पूर्व भारतीय नेशनल कार्टिंग चैंपियन का मलेशिया के ताज ऐमन के साथ कड़ा मुकाबला हुआ.

रजत विजेता राजा को मिली बधाई

चेन्नई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय और द्रविड मुनेत्र कषगम के अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने सोमवार को ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने पर भारोत्तोलक राजा मुथुपंडी को बधाई दी. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में पुरुषों के 65 किग्रा वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर राजा मुथुपंडी को बधाई.

एच एस प्रणय और उन्नति हुड्डा ताइपे ओपन में करेंगे भारतीय टीम की अगुवाई

ताइपे सिटी, 27 जुलाई. एच एस प्रणय और उन्नति हुड्डा मंगलवार से शुरू हो रहे ताइपे ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे. 28 जुलाई से दो अगस्त चलने वाली बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 स्पर्धा में लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी की गैर-मौजूदगी में, मौजूदा समय में 36वीं रैंकिंग और आठवीं वरीयता वाले एच एस प्रणय भारत के लिए पुरुष एकल ड्रॉ में स्पर्धा करेंगे.

वहीं महिला एकल में भारत को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की कमी खलेगी. वे व्यस्त समय के बाद ब्रेक ले रही हैं. महिला एकल ड्रॉ में तीसरी वरीयता प्राप्त और दुनिया की 24वें नंबर की खिलाड़ी उन्नति हुड्डा सबसे ऊंची रैंकिंग वाली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं. 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी लगातार पांच बार पहले दौर में बाहर होने के बाद चीनी ताइपे पहुंची हैं और अपनी बेहतरीन फॉर्म में वापसी की उम्मीद कर रही हैं.

एफआईएच वर्ल्ड कप | टीम में 10 ओलंपियन खिलाड़ियों को जगह

दक्षिण अफ्रीका ने किया महिला टीम का ऐलान

केप टाउन, 27 जुलाई. दक्षिण अफ्रीकी हॉकी ने बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले 2026 एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप के लिए 20 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा कर दी है.

यह टीम केप टाउन में नामीबिया के खिलाफ हाल ही में खेली गई चार मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद चुनी गई है. इसमें अंतरराष्ट्रीय अनुभव और उभरती हुई प्रतिभा का शानदार मिश्रण है. टीम में 10 ओलंपियन शामिल हैं, जिनमें से नौ ने 2024 में पेरिस में हिस्सा लिया था. इनमें कप्तान एडिथ मोलिको और इस हफ़्ते

'50-क्लब' (50 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ियों का समूह) में शामिल हुईं ओन्गेज़िवे माली और न्त्सोपा मोकोएना भी शामिल हैं. हैना पियर्स, तहीरा ऑगस्टी और थाती जुलु अनुभवी खिलाड़ियों के मुख्य समूह को मज़बूती देती हैं, जबकि एने जानसेन वैन वुरेन और केलिन मैरी जैसी खिलाड़ी जूनियर वर्ल्ड कप से सीनियर वर्ल्ड कप में आसानी से जगह बनाने की उम्मीद करेंगी. दक्षिण अफ्रीका हॉकी के अध्यक्ष डियोन मॉर्गन ने चुनी हुई खिलाड़ियों को बधाई दी.

मॉर्गन ने कहा, 'वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करना एक हॉकी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़े सम्मानों में से एक है.

राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने 41-0 की रिकॉर्ड जीत

ग्वालियर, 27 जुलाई राउंडग्लास हॉकी अकादमी की लड़कियों ने सोमवार को इतिहास रचते हुए चौथी हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप 2026 (ज़ोन ए एवं बी) में तमिलनाडु हॉकी अकादमी को 41-0 से करारी शिकस्त दी. मध्य प्रदेश के ग्वालियर में खेले गए पूल-सी मुकाबले का यह परिणाम अब इस टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे बड़ी जीत बन गया है.

मैच की शुरुआत से ही राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने पूरी तरह आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया. टीम ने विपक्षी हाफ में लगातार दबाव बनाए रखा और शानदार फिनिशिंग का प्रदर्शन करते हुए पहले क्वार्टर के अंत तक 8-0 की बढ़त बना ली. दूसरे क्वार्टर में टीम ने 11 और गोल दागे, जिससे हाफटाइम तक स्कोर 19-0 हो गया.

तीसरे क्वार्टर में राउंडग्लास ने 9 और गोल किए, जबकि अंतिम 15 मिनट में 13 गोल दागकर तमिलनाडु की रक्षा पंक्ति को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया. दूसरी ओर, टीम ने अपने गोलपोस्ट की भी बेहतरीन सुरक्षा करते हुए मुकाबले में एक भी गोल नहीं खाने दिया.

इस ऐतिहासिक जीत की सबसे बड़ी नायिका सलोनी रहीं, जिन्होंने अकेले 12 गोल दागे और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.